## ब्रीफ न्यूज

### सूवरा नदी में डुबने से नई बस्ती सेमरिया के संदीप कुमार की मौत, पहुंचे जिला पार्षद



**भभुआ (रासासं):** भभुआ प्रखंड के ग्राम पंचायत अखलासपुर के नई बस्ती सेमरिया निवासी स्व. वशिष्ठ खरवार के 23 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार सौच के दौरान नदी में डुबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि रविवार की देर रात्रि में सदर अस्पताल भभुआ में पोस्टमार्टम कराया गया। कैमूर जिला पार्षद विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने बताया कि नई बस्ती सेमरिया गांव निवासी वशिष्ठ खरवार के पुत्र संदीप कुमार मजदूरी का काम करता था शौच करने के लिए सुवरा नदी के किनारे गया था पानी छूने के दौरान पैर फिसलने से नदी में डुबने से मौत हो गई। उसके पिता का काफी पहले समय मृत्यु हो गया था। माता विकलांग है सभी लोग उस पर आश्रित है। उन्होंने सरकार से अत्यंत गरीब परिवार को आर्थिक सहायता मुहैया कराए जाने का मांग किया है। ब्रजेश कुमार, सतीश कनौजिया, पूर्व मुखिया संजय साहनी नगीना यादव, पूर्व नगर परिषद सभापति जैनेन्द्र कुमार आर्य आदि लोगों ने पीड़ित परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया और सरकार से मृतक परिजनों को आर्थिक सहायता मुहैया कराने का मांग किया है।

### जिला पार्षद अखिलेश चौरसिया ने विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड देकर किया सम्मानित



**भभुआ (रासासं):** चैनपुर प्रखंड के आदर्श ग्राम जगरिया में खेत के मैदान में क्रिकेट टूनामेंट क्लब द्वारा फाइनल मैच रामगढ़ बनाम घुरहूपुर के बीच खेला गया। कैमूर जिला पार्षद अखिलेश चौरसिया उर्फ कमलेश ने विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने युवा क्रिकेट क्लब जगरिया चैनपुर को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के मैदान में आयोजन करके खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने का काम किया ग्रामीण क्षेत्र में मैदान नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को खेत मैदान में खेल का प्रदर्शन करना पड़ रहा है यह दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में जिला परिषद के माध्यम से मैदान के चिन्हित करके खिलाड़ियों के लिए खेल मैदान बनाया जाए। उन्होंने सानू पांडे, दिलीप तिवारी, हिंदुस्तानी सिंह, अखिलेश तिवारी, पवन सिंह को भी सम्मानित किया। ग्राम जगरिया यूवा क्रिकेट क्लब नवयुवक सध ने पैक्स अध्यक्ष संजय उर्फ पप्पू पांडेय, अरविंद सिंह, धर्मेंद्र पांडेय, रविंद्र तिवारी, सरपंच नवम्बर सिंह, रंगनाथ तिवारी, अम्बिका तिवारी, पांडे तिवारी, को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

### बसपा चैनपुर प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न



**भभुआ (रासासं):** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में चैनपुर प्रखंड स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक चैनपुर कार्यालय पर प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से दिनांक 22-6-2025 को विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक को सफल बनाने हेतु सभी सेक्टर के अध्यक्ष एवं महासचिव को विशेष जिम्मेदारी दिया गया। बैठक में उपस्थित जिला अध्यक्ष छोटेलाल राम, पूर्व जिला प्रभारी आनंद कुमार दिनकर जिला प्रभारी राजेंद्र कुमार, विधानसभा प्रभारी अरुण खरवार, विधानसभा अध्यक्ष अयोध्या राम, प्रखंड प्रभारी मंगल कुशवाह, सोहराब अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार,ललन राम, एवं सभी सेक्टर के अध्यक्ष, एवं महासचिव उपस्थित थे।

### कांग्रेस नेता ने बाबा साहेब की प्रतिमा को दुग्ध स्नान कराकर किया पवित्र



**सासाराम (रासासं):** कल ही जिले के शिवसागर प्रखंड मुख्यालय पर भाजपा के नेताओं एवं चेनारी विधायक मुरारी प्रसाद गौतम द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। बता दे कि अभी बीते कल ही डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने चेनारी विधानसभा क्षेत्र के शिवसागर प्रखंड में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा का अनावरण किया था। कांग्रेस ने भाजपा नेताओं द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा के अनावरण को बाबा साहेब का अपमान बताया। रोहित पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा और आरएसएस बाबा साहेब की विचारधारा, बाबा साहेब के द्वारा रचित संविधान और बाबा साहेब द्वारा प्रदत्त आरक्षण की घोर विरोधी है। भाजपा नेताओं द्वारा बाबा साहेब की मूर्ति को छू कर अछूत कर दिया और हम सभी ने बाबा साहेब की मूर्ति को दुग्ध स्नान करवा कर पवित्र कर दिया।

### भैंस चरा रहा पशुपालक को बिजली करंट लगने से झुलसा, रेफर

**कैमूर (रासस):** भगवानपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर के सिवान में भैंस चरा रहा पशुपालक को बिजली करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। जो यह घटना सोमवार को सुबह 9 बजे की बताई जाती है। जानकारी के मुताबिक भगवानपुर थाना क्षेत्र के उमापुर गांव निवासी बनारसी यादव के 22 वर्षीय पुत्र अंगद यादव बताया जाता है। सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि भैंस चराने के लिए शाहपुर के सिवान गए हुए थे। सिवान में 11 हजार वोल्टेज बिजली का तार गया हुआ था और उसकी पोल लटका हुआ था। जब भैंस इधर-उधर भागने लगी तो तेजी से दौड़कर भैंस को रोकने का प्रयास किया तब तक लटके हुए पोल के तार में उसकी गर्दन फंस गई। जो बिजली करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में इलाज के लिए भभुआ के सदर अस्पताल लाया गया। जहां सदर अस्पताल से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### गर्म तेल में गिरने से बच्चा झुलसा, इलाज जारी

**कैमूर (रासासं):** भभुआ हवाई अड्डा के पास गर्म तेल में गिरने से 7 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया। जो यह घटना सोमवार को 2 की बताई जाती है। जानकारी के मुताबिक पिलाओ थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव निवासी सूर्यवंश प्रसाद के 7 वर्षीय पुत्र प्रभास राज बताया जाता है। सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि कुछ दिन से ननिहाल भभुआ के हवाई अड्डा के पास रहता था। आज घर में श्राद्ध कार्यक्रम को लेकर भोजन बन रहा था। तब तक बारिश की हल्की बूंदा-बांदी होने लगा। तेजी से वह घर के अंदर गया जहां कढ़ाई में रखें गर्म तेल में गिरकर बुरी तरह से झुलस गया। वहीं सदर अस्पताल में चिकित्सक द्वारा भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

# ज्वेलरी व्यवसायी गोलीकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**डेहरी (रोहतास) :** जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के इटिम्हा बाजार में स्वर्ण व्यवसायी पंचरत्न कुमार पिता स्व. भिखारी साह इटिम्हा थाना नासरीगंज जिला रोहतास को इटिम्हा बाजार में स्थित उनके ज्वेलरी दुकान पर अपराधकर्मियों के द्वारा गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए काण्ड के उद्भेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बिक्रमगंज के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसमें थानाध्यक्ष, नासरीगंज के अलावा तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई की टीम को भी शामिल किया गया। गठित टीम के द्वारा



अग्रतर अनुसंधान के क्रम में घटना में उपयोग किए गए पल्सर मोटरसाईकिल, देशी कट्टा को पूर्व में हीं ग्राम इटिम्हा से बरामद किया जा चुका है। अग्रतर अनुसंधान में 15 मई को घटनास्थल से एक खोखा तथा एक पिलेट बरामद किया गया है। घटना कारित करने के उपरांत काण्ड के मुख्य अभियुक्त रवि कुमार, उम्र 26 वर्ष, पिता अशोक सेठ, ग्राम इटिम्हा, थाना नासरीगंज, जिला रोहतास फरार हो गये थे, जिन्हें प्राप्त आसूचना एवं तकनिकि विश्लेषण के उपरांत 15 जून को गया के फतेहपुर में गया दाउदनगर पथ पर स्थित एक लॉज से गिरफ्तार किया गया। इस काण्ड में गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त रवि कुमार ने गठित टीम के समक्ष पूछताछ के क्रम में इस काण्ड का खुलासा करते हुए बताया की इस घटना में उनके दोनों भाई नितीश कुमार एवं रितेश कुमार की भी संलिप्तता है। ये लोग घटना के दिन लाईनर की भूमिका निभा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त रवि कुमार के खुलासे के उपरांत नितीश कुमार एवं रितेश कुमार को भी गठित टीम के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। कांड के अग्रतर अनुसंधान एवं गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि कांड में गिरफ्तार उक्त अभियुक्त इस कांड के वादी पंचरत्न कुमार का भतीजा है, जो पूर्व में साथ मिलकर सोना चाँदी का व्यवसाय करते थे, इनलोगों के बीच उसी समय से पैसा के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्तों के अपराधिक इतिहास के संबंध में प्रारंभिक जाँच में यह ज्ञात हुआ है कि उक्त गिरफ्तार अभियुक्त नासरीगंज थाना काण्ड सं0-153/23 09 मई 2023 धारा 341 /323 /324 /379 /504 / 34 भादवि के अभियुक्त है, इनके अन्य अपराधिक इतिहास के संबंध में जांच की जा रही है।

## विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के 59690 उपभोक्ताओं ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर को अपनाया

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**सासाराम (रोहतास):** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, सासाराम अंतर्गत पड़ने वाले सभी ग्रामीण क्षेत्रों मे 37890 व शहरी क्षेत्रों में 21800 अर्थात कुल 59690 से ज्यादा उपभोक्ताओं ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर को अपना लिया है। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ब्रवीम के द्वारा बताया गया की विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के अधीन चार सब-डिवीजनों के ग्रामीण क्षेत्रों मे स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की जिम्मेदारी इंटेलीस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर एवं शहरी क्षेत्रों मे ईडीएफ इंटरनेशनल कंपनी को दी गई है। उक्त एजेंसी के द्वारा विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के ग्रामीण क्षेत्रों मे 15311, कोचस मे 10481, सासाराम (ग्रामीण) मे 12098 एवं बिक्रमगंज शहर व सासाराम (शहरी) मे 21800 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। विद्युत विभाग की ओर से घर घर जाकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर के फायदे बताए जाने के साथ नुक्कड़ नाटक और ऑडियो रीले के माध्यम से भी उपभोक्ताओं को जागरुक किया जा रहा है। मीटर अधिष्ठापन के दौरान लोगों को यह भी बताया जा रहा है कि ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए बिहार ऊर्जा स्मार्ट मीटर एप एवं शहरी उपभोक्ताओं के लिए बिहार बिजली स्मार्ट मीटर ऐप्प का इस्तेमाल कर वह किस तरह बिजली ऑफिस के चक्कर लगाने से बच सकते हैं। इस एप के माध्यम से उपभोक्ता अपने हर दिन के बिजली उपयोग की पूरी जानकारी ले सकते हैं। आपने कितने रुपए का रिचार्ज करवाया और कितने रुपए का बैलेंस बचा हुआ है इसकी जानकारी भी आप एप के माध्यम से ले सकते हैं। बिजली से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या का समाधान इसी एप के माध्यम से हो जाता है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर की सबसे बड़ी खासियत यह भी है कि मीटर में एक पुश बटन लगा हुआ है, जिसका इस्तेमाल आप हर महीने में एक बार कर सकते हैं।

## तैलिक साहू सभा में बिना चुनाव जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर मचा बवाल, समाज के लोगों ने जताया विरोध

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**कैमूर:** भभुआ के लिच्छवी भवन में रविवार को आयोजित तैलिक साहू सभा के जिला स्तरीय सम्मेलन में उस वक्त विवाद खड़ा हो गया जब जिलाध्यक्ष के चुनाव को लेकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। सम्मेलन में बिहार प्रदेश तैलिक साहू सभा के अध्यक्ष रणविजय साहू की उपस्थिति में बिना किसी मतदान के मुन्ना प्रसाद गुप्ता को पुनः जिलाध्यक्ष घोषित कर दिया गया। इस फैसले के विरोध में सभा स्थल पर ही समाज के कई गणमान्य लोगों ने आवाज उठाई। राष्ट्रीय वैश्य सभा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व कैप्टन त्रिवेणी साह ने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से एकतरफा और लोकतंत्र के मूल भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष के चयन में पारदर्शी चुनाव की प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए थी, लेकिन इसके स्थान पर व्यक्तिगत पावर



का दुरुपयोग कर मनमाने तरीके से मनोनयन किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना निर्वाचन के ऐसा कदम तैलिक साहू समाज में विभाजन और असंतोष की स्थिति उत्पन्न कर सकता है। समाज के अन्य प्रमुख लोगों जैसे विनोद गुप्ता, काशीनाथ गुप्ता, राम आशीष गुप्ता, मुरलीधर प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, मनोज गुप्ता, ज्ञानचंद गुप्ता, आनंद प्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता, सूचित शाह, किशोर प्रसाद गुप्ता, दशरथ साह, विंध्याचल गुप्ता, रामनिवास गुप्ता, रामचंद्र गुप्ता सहित सैकड़ों लोगों ने इस मनमानी का विरोध किया। विरोध करने वालों का कहना था कि इस तरह की अनदेखी से न केवल समाज में असंतोष बढ़ेगा, बल्कि तैलिक समाज की एकता भी खतरे में पड़ सकती है। सभी ने मिलकर पुनः निष्पक्ष चुनाव की मांग की और चेतावनी दी कि यदि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, तो इसका व्यापक विरोध होगा। इस पूरी घटना ने तैलिक साहू सभा की कार्यशैली और पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। वहीं, अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रदेश अध्यक्ष रणविजय साहू समाज की एकता बनाए रखने के लिए क्या अगला कदम उठाते हैं।

# अवैध चिकन-मटन की दुकान पर चला प्रशासन का बुलडोजर

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**रामगढ़:** थाना क्षेत्र के सिसौड़ा गांव के बीचों बीच सड़क किनारे अतिक्रमण कर संचालित चिकन - मटन की दुकान पर सोमवार को अंचल प्रशासन व थाना के सहयोग से बुल्डोजर चला है।जेसीबी मशीन से दुकान लगाने वाली जगह को ध्वस्त कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है। इस दौरान दुकानदार फरार हो गए।इस अवसर पर मौजूद अंचलाधिकारी रश्मि कुमारी व थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि अवैध तरीके से संचालित चिकन - मटन की दुकानों तथा अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।अवैध कार्यों पर अंकुश लगाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है ,ताकि कानून का भय और सामाजिक सौहार्द कायम रहे। विदित हो कि प्रशासन को



शिकायत मिल रही थी कि गांव में कुछ ऐसे लोग हैं जो बिना लाइसेंस के चिकन और मटन शॉप चला रहे हैं। जिसको लेकर कुछ दिन पूर्व अंचल प्रशासन ने एक विशेष दल का गठन कर जांच के लिए भेजा था जिसमें जांच दल को यह सूचना मिली थी कि दुकानदार के पास कोई लाइसेंस नहीं है।दुकान अवैध तरीके से संचालित हो रही है।इसको लेकर ग्राम पंचायत सिसौड़ा वार्ड दो की वार्ड सदस्या निशा देवी द्वारा भी थाना को लिखित आवेदन दिया गया था तथा खबर को अखबारों में भी प्रमुखता से प्रकाशित किया था।जिसके बाद से खबर छापने वाले एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार को अवैध दुकान संचालक व उसके परिजनों तथा एक मुर्गा फॉर्म व्यापारी द्वारा जान से मारने, हमला करवाने से लेकर अनेकों तरह की धमकियां दी जा रही थीं। पत्रकार ने धमकियों का परवाह किए वगैर मोर्चा को खोले रखा जिसके परिणाम स्वरूप आज अवैध दुकान पर बुलडोजर चला है तथा भविष्य में अवैध दुकान नहीं खोलने को लेकर सख्त हिदायत दी गई।

## पिकअप ने काम कर घर लौटते समय मनरेगा मजदूर को मारा धक्का, मौत

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

**भभुआ (कैमूर):** शनिवार सदर अस्पताल भभुआ में आए पोस्टमार्टम के लिए एक मजदूर की लाश जिसका नाम सादा राय पिता दुखहरन राय ग्राम लखमन पुर थाना चैनपुर जिला कैमूर जो पहाड़ पर रहकर मजदूरी का काम करते थे। बीते शुक्रवार संध्या 7 बजे अपने मनरेगा के काम से घर जहां के लिए वापस हो रहे थे। रास्ते में एक अनजान पिकअप कुछ एक का माने तो बीड़ी पत्ती से लदी पिकअप मजदूर को धक्का मारते हुए भाग गई। तत्काल लोग भभुआ सदर अस्पताल आपात चिकित्सालय में ले गए जहाँ से उनको अच्छी चिकित्सा हेतू बनारस रेफर किया गया किन्तु चाँद चंदौली के बीच मे उनकी मृत्यु हो गई। उनके घर लखमन पुर जब सूचना पहुंची तो उनकी पत्नी पिंकी देवी और तीन बच्चे



अपने पीछे छोड़ गए हैं वह बेहोश होकर गिर पड़ी। उनके पिता भी गम में गिर पड़े। उनके चाचा रामप्यारे राय अपने गांव के कुछ लोगों को लेकर पहुंचे और आज सुबह 7 बजे अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे। पोस्टमार्टम के समय वहां उपस्थित बहुजन समाज पार्टी के नेता बिहार प्रदेश बहुजन समाज पार्टी के महासचिव धीरज कुमार सिंह उर्फ भान सिंह, वहां उनकी उपस्थिति में पोस्टमार्टम कार्य किया जा रहा था। धीरज कुमार सिंह ने बताया की स्मृति और घटना की सूचना प्रशासन और प्रखंड विकास पदाधिकारी चैनपुर को दी गई है।

## डीएम की अध्यक्षता में मध निषेध से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**सासाराम (रासासं):** जिला पदाधिकारी, रोहतास उदिता सिंह की अध्यक्षता में मद्य निषध समीक्षात्मक समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार, सासाराम में बैठक आहूत की गयी। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह मई 2025 में 186 शराब में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी, जो अप्रैल 2025 की तुलना में अधिक है। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह मई 2025 में 3835.035 लीटर शराब जप्त की गयी, जो अप्रैल 2025 की तुलना में थोड़ा कम है। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह मई 2025 में 176 जप्त वाहनों का अधिहरण प्रस्ताव विधि शाखा, रोहतास को नहीं भेजा गया है। अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर / डिहरी एवं विक्रमगंज द्वारा माह मई 2025 में 112 वाहनों की नीलामी* करायी गयी, जिससे 14,61,000 /- रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा अबतक में 4091.735 लीटर शराब विनष्टीकरण कराया गया है।

जिला पदाधिकारी द्वारा डीपीएम, जीविका, रोहतास को निदेशित किया गया कि मुख्यमंत्री नीरा संवर्धन योजना के तहत शत प्रतिशत लाभ पहुँचाने का निदेश दिया गया, ताकि रोहतास जिला की रैकिंग में सुधार हो सके। डीपीएम, जीविका, रोहतास को नीरा लक्ष्य के अनुरुप प्राप्त करने का भी निदेश दिया गया।

## मारपीट के मामले में नामजद दो आरोपी गिरफ्तार

**काराकाट (रासासं):** कछवां थाना क्षेत्र के घरवासडीह गांव में मारपीट के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार आरोपियों की पहचान स्वर्गीय रामप्रवेश राम के पुत्र शंभू राम और धनेश्वर राम के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि दोनों के विरुद्ध कछवां थाना में कांड संख्या 135/25 के तहत मारपीट का मामला दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## 40 लीटर महुआ शराब बरामद, कारोबारी फरार

**संझौली:** संझौली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत चरपुरवा गांव में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने मौके से 40 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया। छापेमारी की भनक मिलते ही अवैध शराब कारोबारी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त करते हुए फरार कारोबारी की पहचान कर ली है।

श्रावणी मेला के दौरान ट्रेनों के आवागमन की व्यवस्था

**श्रावणी मेला अवधि** के दौरान अर्थात **दिनांक** 11.07.2025 **से** 09.08.2025 **तक** यात्रियों की भीड़ को संभालने के लिए, ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है।

**स्पेशल ट्रेनें**

● 03480/03479 **जमालपुर–सुलतानगंज–जमालपुर श्रावणी मेला पैसेंजर स्पेशल** ट्रेन, 53480 **किऊल–जमालपुर पैसेंजर** ट्रेन के गठन के अनुसार निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव और आवागमन की तिथियों के अनुसार चलेगी:

| जमालपुर–सुलतानगंज पैसेंजर स्पेशल | | 03480 03479 | सुलतानगंज–जमालपुर पैसेंजर स्पेशल | |
|---|---|---|---|---|
| आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. |
| – | 09.05 | ↓ जमालपुर | 12.40 | – |
| 09.18 | 09.19 | रतनपुर | 11.54 | 11.55 |
| 09.28 | 09.29 | बरियारपुर | 11.44 | 11.45 |
| 09.35 | 09.36 | कल्याणपुर रोड | 11.35 | 11.36 |
| 09.50 | 09.51 | गनगनियाँ | 11.22 | 11.23 |
| 10.45 | – | सुलतानगंज ↑ | – | 11.15 |

**आवागमन की तिथियाँ: जमालपुर से** 03480 और **सुलतानगंज से** 03479–दोनों ट्रेनें दिनांक 11.07.2025 से 09.08.2025 तक **प्रतिदिन** = प्रत्येक 30 ट्रिप चलेंगी। स्पेशल ट्रेन जमालपुर और सुलतानगंज के बीच मार्ग में सभी स्टेशनों पर रुकेगी।

● 03442/03441 **जमालपुर–देवघर–जमालपुर श्रावणी मेला पैसेंजर स्पेशल** ट्रेन, 53442/53441 **जमालपुर– देवघर–जमालपुर पैसेंजर** ट्रेन की समयसूची, ठहराव और गठन के अनुसार निम्नानुसार रविवार को चलेगी:
**संक्षिप्त समयसूची :**

| जमालपुर–देवघर पैसेंजर स्पेशल | | 03442 03441 | देवघर–जमालपुर पैसेंजर स्पेशल | |
|---|---|---|---|---|
| आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. |
| – | 05.10 | ↓ जमालपुर | 22.05 | – |
| 06.05 | 06.10 | सुलतानगंज | 20.10 | 20.15 |
| 06.50 | 06.55 | भागलपुर | 19.10 | 19.20 |
| 08.38 | 08.43 | बांका | 17.10 | 17.15 |
| 10.10 | – | देवघर ↑ | – | 15.45 |

**आवागमन की तिथियाँ: जमालपुर से 03442 और देवघर से 03441**–दोनों ट्रेनें दिनांक 13/07, 20/07, 27/07, 03/08, 10/08/2025 (रविवार) को = प्रत्येक 05 ट्रिप चलेंगी।

● **03444 / 03443 देवघर–गोड्डा–देवघर श्रावणी मेला पैसेंजर स्पेशल** ट्रेन, 53444/53443 **देवघर–गोड्डा–देवघर पैसेंजर** ट्रेन की समयसूची, ठहराव और गठन के अनुसार निम्नानुसार रविवार को चलेगी:
**संक्षिप्त समयसूची :**

| देवघर–गोड्डा पैसेंजर स्पेशल | | 03444 03443 | गोड्डा–देवघर पैसेंजर स्पेशल | |
|---|---|---|---|---|
| आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. |
| – | 10.45 | ↓ देवघर | 15.05 | – |
| 11.46 | 11.48 | हंसडीहा | 13.57 | 13.59 |
| 12.40 | – | गोड्डा ↑ | – | 13.15 |

**आवागमन की तिथियाँ: देवघर से** 03444 **और गोड्डा से** 03443–दोनों ट्रेनें दिनांक 13/07, 20/07, 27/07, 03/08, 10/08/2025 (रविवार) को = प्रत्येक 05 ट्रिप चलेंगी।

**टिप्पणी:** 03442/03441 और 03444/03443 की रेक लिंक 53442/53441 और 53444/53443 के वर्तमान लिंक के अनुसार चलेंगी।

**सुलतानगंज स्टेशन पर ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव**

● **सुलतानगंज स्टेशन पर ट्रेनों का अस्थायी ठहराव:**
मेला अवधि के दौरान निम्नलिखित ट्रेनें निर्धारित दिनों में सुलतानगंज स्टेशन पर 02 (दो) मिनट के लिए अस्थायी ठहराव निम्नानुसार प्रदान करेंगी :

| ट्रेन नं. और नाम | आ. | प्र. |
|---|---|---|
| **15619** गया–कामाख्या एक्सप्रेस (साप्ताहिक) | 17.45 | 17.47 |
| **15620** कामाख्या–गया एक्सप्रेस (साप्ताहिक) | 00.11 | 00.13 |
| **12253** यशवंतपुर–भागलपुर अंग एक्सप्रेस (साप्ताहिक) | 08.04 | 08.06 |
| **12254** भागलपुर–यशवंतपुर अंग एक्सप्रेस (साप्ताहिक) | 14.08 | 14.10 |
| **13423** भागलपुर–अजमेर एक्सप्रेस (साप्ताहिक) | 13.38 | 13.40 |
| **13424** अजमेर–भागलपुर एक्सप्रेस (साप्ताहिक) | 13.50 | 13.52 |
| **13429** मालदा टाउन–आनंद विहार एक्सप्रेस (साप्ताहिक) | 13.02 | 13.04 |
| **13430** आनंद विहार–मालदा टाउन एक्सप्रेस (साप्ताहिक) | 17.55 | 17.57 |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 501, सैलकॉन ऑरम, जसोला जिला केन्द्र, नई दिल्ली- 110025
सीआईएनः U65900DL2020PLC366027

**नीलामी सूचना**

शिवलिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया गया है कि बैंक से उनके द्वारा प्राप्त स्वर्ण ऋण/उनके द्वारा प्राप्त किए गए व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद उनके द्वारा समायोजित नहीं किया गया है। सभी उधारकताओं को इस बात से अवगत कराया गया है कि यह बैंक के साथ सुरक्षा के रूप में रखे गए सोने के गहनों को नीलाम करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार शाखा परिसर में सुबह 11:00 बजे तय किया गया है, जहां से ऋण का लाभ उठाया गया था। सभी, उधारकर्ताओं, खाता धारकों और बड़े पैमाने पर जनता सहित सभी नीलामी के नियमों और शर्तों के अनुसार इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**निलामी तिथि 26.6.2025@11:00 बजे है।**

| क्रम सं. | शाखा | खाता नंबर | अधिनियम धारक नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | इंदिरापुरम | 101942518840 | विकाश कुमार |

बैंक नीलामी से किसी भी खाते को हटाने या बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

SBFC एसबीएफसी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नंबर. -103, पहली मंजिल, सी एंड बी स्क्वायर, संगम कॉम्प्लेक्स, सीटीएस नंबर. 95ए,127, अंधेरी कुर्ला रोड, ग्राम चकला, अंधेरी (ई), मुंबई - 400059। टेलीफोन +912267875300। फैक्सः +91 2267875334।
www.SBFC.COM कॉर्पोरेट पहचान संख्याः U67190MH2008PTC178270

**सार्वजनिक सूचना**

**यह जनता को सूचित करने के लिए है कि प्रतिज्ञा वाले सोने के गहने की नीलामी एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड द्वारा 27.06.2025 को सुबह 10:30 बजे आयोजित की जाएगी। नीचे शाखा पते पर। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने हमारे विभिन्न ग्राहकों के ऋण खातों से संबंधित हैं जो अपने बकाया का भुगतान करने में विफल रहे हैं। नीलामी के हमारे नोटिस इन उधारकर्ताओं को विधिवत जारी किए गए हैं। नीलाम किए जाने वाले सोने के आभूषणों से संबंधित हमारे विभिन्न ग्राहकों के ऋण खातों के बारे में बताया गया है, जो शाखा के नाम के साथ नीचे उल्लिखित हैं।**

**दरभंगा शाखा का पताः** दरभंगा, एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड, पहली मंजिल, पूनम सिनेमा के विपरीत, लाल-बाघ, एचडीएफसी बैंक के पास, दरबंगा 846004, दरभंगा, एपी 00588595, एपी00656673

**मोतिहारी शाखा का पताः** एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड, राज परी मार्केट, दुसरा तला, सदर हॉस्पीटल रोड, पीओ एवं पीएस- मोतिहारी, होटल गोदावरी के सामने, जिला - मोतिहारी, बिहार 845401, मोतिहारी, AP00588595, AP00658295, AP00660575, AP00661000, AP00661604, AP00689869

**मुजफ्फरपुर शाखा का पताः** एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड, No. 204, दया कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, मौजा कलमबाग रोड (गन्नीपुर), पीएस काजी मोहम्मदपुर, वार्ड नं. 28 (पुराना), 29 (नया), अघोरिया बाजार चौक, मुजफ्फरपुर- 842002, AP005885555, AP00658470, AP00658968, AP00660940, AP00661755
राजेंद्रपथ, उमा सिनेमा के पास, कडमकुआन पटना -800003, बिहार, राजेंद्रपठ, AP00548007, AP00584394, AP00602378, AP00654854, AP00655976, AP00660869, AP00661531

अधिक जानकारी के लिए, कृपया एसबीएफसी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें: 18001028012
(एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड के पास नीलामी किए जाने वाली खातों की संख्या को बदलने और/ बिना किसी सूचना के नीलामी को स्थगित करने/निरस्त करेन का अधिकार सुरक्षित है।)